अनमोल वचन

"जीवन को असल में केवल वही जीते है जो मृत्यु को सहज स्वीकार कर सकते हैं।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




वर्ष : 13 अंक : 271 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार 19 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## आज का तापमान

अधिकतम -38 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम -29 डिग्री सेल्सियस
सूर्य अस्त(आज) -7:22
सूर्य उदय(कल) - 5:23

## संक्षिप्त न्यूज

### चालू वित्त वर्ष में अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति लाभ प्रदान करने में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज

नई दिल्ली । चालू वित्त वर्ष में अनुसूचित जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति लाभ प्रदान करने में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बताया कि अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत केंद्र सरकार ने 6,208 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की है। इस योजना के अंतर्गत 47 लाख से अधिक छात्रों को लाभ मिला है। अनुसूचित जाति और अन्य के लिए प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत सरकार ने 562 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की है, जिससे 26 लाख से अधिक छात्रों को लाभ हुआ है।

### तेल शोधन संयंत्र पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रहे हैं: सरकार




नई दिल्ली। सरकार ने कहा है कि सभी तेल शोधन संयंत्र पर्याप्त कच्चे तेल के भंडार के साथ उच्च क्षमता पर काम कर रहे हैं। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाया जा रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले तीन दिनों में एक करोड़ 47 लाख एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा चुके हैं। संयुक्त सचिव ने बताया कि इसी अवधि के दौरान लगभग 22 हजार 945 टन व्यावसायिक एलपीजी की भी बिक्री हुई है।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक ओपेश कुमार शर्मा ने बताया कि 62,370 मीट्रिक टन एलएनजी से लदा माल वाहक जहाज दिशा के कल सुबह गुजरात के दाहेज बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने अब तक 3,639 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की है, जिनमें से 47 नाविक पिछले तीन दिनों में खाड़ी क्षेत्र से वापस लाए गए हैं।

## वीवाटेक–2026 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बताया

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में आज वीवाटेक–2026 सम्मेलन में भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पिछले एक दशक में तेजी से परिवर्तन की दिशा में आगे बढ रहा है जो प्रौद्योगिकी से संचालित है। उन्होंने कहा कि भारत वित्तीय समावेशन, शिक्षा, कृषि और अन्य क्षेत्रों में बडे पैमाने पर प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ने विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल पहचान प्रणाली और विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म विकसित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी से तभी प्रगति हो सकती है जब उसका लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि उथल–पुथल भरे इस दौर में प्रौद्योगिकी का लाभ सभी को मिलना चाहिए। उन्होंने वैश्विक नवोन्मेषकों से भारत के साथ मिलकर काम करने और ऐसी नई तकनीक विकसित करने का आह्वान किया जो सबके लिए लाभकारी हो। श्री मोदी ने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग मजबूत करने के लिए फ्रांस के कारोबारी प्रमुखों के साथ बैठकें भी कीं।

## भारत ने वैश्विक औषधि गुणवत्ता मानकों के क्षेत्र में अपनी बढ़ती भागीदारी की पुष्टि की




नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत ने वैश्विक औषधि गुणवत्ता मानकों के क्षेत्र में अपनी बढ़ती भागीदारी की पुष्टि की है। ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में 16वीं अंतर्राष्ट्रीय विश्व औषध संहिता बैठक में भारतीय भेषज संहिता आयोग के सचिव डॉ० वी कलइसेल्वन ने आधुनिकीकरण पहलों और चिकित्सा गुणवत्ता मानकों के वैश्विक सामंजस्य की दिशा में भारत के योगदान का उल्लेख किया। बैठक के दौरान इस बात को दोहराया गया कि भारतीय औषध संहिता मानक की तुलना प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय औषध संहिता मानक के साथ की जा सकती है। तीन दिवसीय इस बैठक का आयोजन 15 से 17 जून तक किया गया।

## गृह मंत्री अमित शाह ने अमरीकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की



नई दिल्ली(एजेंसी)। गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में भारत में अमरीका के राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री शाह ने बताया कि दोनों ने सुरक्षा क्षेत्र में विशेष रूप से आतंकवाद और मादक पदार्थों के खिलाफ दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की। गृह मंत्री ने कहा कि भारत, दोनों देशों के बीच वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है कि दोनों देशों के नागरिकों को द्विपक्षीय संबंधों से लाभ मिले।

## उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और लोक सेवक पी. कक्कन की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने वीरवार को स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और लोक सेवक पी. कक्कन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में राधाकृष्णन ने कहा कि संविधान सभा के सदस्य के रूप में कक्कन ने संविधान के निर्माण और गणतंत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## फ्रांसीसी कंपनी मिस्त्रल एआई भारतीय भाषा एआई मॉडल के क्षेत्र में भारत के साथ बातचीत की इच्छुक

फ्रांस(एजेंसी)। की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी मिस्त्रल एआई ने भारतीय भाषा एआई मॉडल और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर्थर मेंस्च ने कहा कि कंपनी वॉयस आधारित एआई प्रणालियों पर काम कर रही है तथा भारत में भागीदारी, शोध और निवेश के जरिये भारतीय भाषाओं के लिए सहयोग बढ़ाने को इच्छुक है।

## बांग्लादेशः खसरे से पिछले 24 घंटों में खसरे से पांच और बच्चों की मौत



बांग्लादेश(एजेंसी) ।बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पिछले 24 घंटों में खसरे से पांच और बच्चों की मौत हो गई है, जिससे कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 667 हो गई है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने बताया कि इन मौतों को खसरे से संबंधित संदिग्ध मौतों के रूप में वर्गीकृत किया गया है। मार्च के मध्य से अब तक 93 लोगों की खसरे से मौत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार 573 बच्चों की खसरे जैसे लक्षण दिखने से मौत हुई है।

निदेशालय ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे जैसे लक्षणों वाले एक हजार नौ नए मरीजों को देशभर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रयोगशाला परीक्षण के माध्यम से 139 नए मामलों की पुष्टि हुई, जिससे कुल पुष्ट संक्रमणों की संख्या 10 हजार 773 हो गई है।

जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस प्रकोप की गंभीरता को नियमित टीकाकरण में कमियों और पिछले दो वर्षों में टीकाकरण अभियानों में आई बाधाओं से जोड़ा है।स्वास्थ्य अधिकारी माता-पिता से आग्रह कर रहे हैं कि वे पात्र बच्चों को खसरे का टीका लगवाना सुनिश्चित करें, क्योंकि देश भर में प्रकोप को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

## दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 केंद्र, जिनमें 69 सरकारी विद्यालय और 28 केंद्रीय विद्यालय शामिलः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता




नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली सरकार ने इस महीने की 21 तारीख को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-नीट के मद्देनजर परीक्षार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की सुविधा का भी विशेष प्रबंध किया हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में नीट परीक्षा के लिए कुल 97 केंद्र बनाये गए हैं जिनमें 69 सरकारी विद्यालय और 28 केंद्रीय विद्यालय शामिल हैं। श्रीमती गुप्ता ने बताया कि इन परीक्षा केंद्रों के आसपास जिला प्रशासन द्वारा विशेष कूलिंग जोन स्थापित किये जा रहे हैं, जहाँ अभिभावकों और परिजनों के बैठने, विश्राम करने तथा गर्मी से रहत पाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन कूलिंग जोन में स्वच्छ पेयजल, शिकंजी, ओआरएस, चाय और प्राथमिक चिकित्सा जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। जिससे अभिभावकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करने पड़े। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल परीक्षा का सफल आयोजन नहीं, बल्कि परीक्षा से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के अनुभव को बेहतर बनाना है।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार किया




कलकत्ता(एजेंसी)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथींद्र बोस द्वारा तृणमूल कांग्रेस के बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने के फैसले पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति कृष्णा राव की एकल पीठ ने टीएमसी विधायक शोभनदेब चट्टोपाध्याय की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। श्री चट्टोपाध्याय ने नेता प्रतिपक्ष पद के लिए अपने नामांकन की अस्वीकृति और ऋतब्रत बनर्जी की नियुक्ति को चुनौती देते हुए याचिका दर्ज की थी। न्यायालय ने प्रतिवादियों को तीन सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश और याचिकाकर्ता को जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त दो सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

ਦੁੱਧ ਦੀ ਮੁਫ਼ਤ ਜਾਂਚ
ਮੁਹਿੰਮ

ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ ਘਰ ਵਿੱਚ ਵਰਤੇ ਜਾਂਦੇ ਦੁੱਧ ਦੀ ਸ਼ੁੱਧਤਾ ਬਾਰੇ ਜਾਣਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹੋ?
ਡੇਅਰੀ ਵਿਕਾਸ ਵਿਭਾਗ, ਬਰਨਾਲਾ ਵੱਲੋਂ ਦੁੱਧ ਦੀ ਮੁਫ਼ਤ ਜਾਂਚ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ।
ਸਥਾਨ: ਦਫ਼ਤਰ ਡੇਅਰੀ ਵਿਕਾਸ ਵਿਭਾਗ, ਬੀਡੀਪੀਓ ਦਫ਼ਤਰ ਬਰਨਾਲਾ
ਸਮਾਂ: ਸਵੇਰੇ 10:00 ਵਜੇ ਤੋਂ 12:00 ਵਜੇ ਤੱਕ
ਘੱਟੋ-ਘੱਟ 100 ਮਿਲੀਲੀਟਰ ਤਾਜ਼ਾ ਦੁੱਧ ਨਾਲ ਲਿਆਓ
ਵਾਧੂ ਪਾਣੀ, ਯੂਰੀਆ, ਸਟਾਰਚ, ਕਾਸਟਿਕ ਸੋਡਾ ਆਦਿ ਦੀ ਜਾਂਚ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।
ਵਧੇਰੇ ਜਾਣਕਾਰੀ ਲਈ:
97812-25425 'ਤੇ ਸੰਪਰਕ ਕਰੋ।

जीत क्लासीफाइड
अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करे।
9803025111, 8878400009




## 9 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया




जीत समाचार हरियाणा। हरियाणा में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने की दिशा में राज्यपाल एवं हरियाणा राज्य रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष प्रो. असीम कुमार घोष द्वारा ने 9 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जरूरतमंद मरीजों तक समय पर चिकित्सा सहायता पहुंचाने में एंबुलेंस की अहम भूमिका होती है और रेडक्रॉस के माध्यम से यह सेवा समाज के लिए बड़ी मददगार साबित होगी। – राज्यपाल

## डीसी ने सम्बंधित बीएलओ से एसआईआर सम्बन्धी कार्यो का विस्तृत ब्यौरा लिया



जीत समाचार हरियाणा। भारत निर्वाचन आयोग के तहत चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वर्षा खांगवाल ने गुरुवार को बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में दौरा किया। डीसी ने सम्बंधित बीएलओ से एसआईआर सम्बन्धी कार्यो का विस्तृत ब्यौरा लिया। वहीं डीसी ने एसडीएम कार्यालय में भी दौरा करते हुए एसआइआर सम्बंधित पहलुओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बहादुरगढ़ शहरी क्षेत्र सहित बीर बरक्ताबाद व अन्य बूथ में चल रहे गणना प्रपत्र संबंधी कार्यो का निरीक्षण करते हुए बीएलओ को प्रोत्साहित भी किया।। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से मतदाता फॉर्म वितरण, प्राप्त जानकारी और अपडेट प्रक्रिया को लेकर जरूरी निर्देश भी दिए।



दैनिक समाचार पत्र
# जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com शुक्रवार, 19 जून 2026

# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

## "चिट्टा" एक धीमा जहर और तस्करी का जाल

आज के दौर में 'चिट्टा' (सिंथेटिक ड्रगध्हेरोइन का एक प्रकार) न केवल हमारे समाज, बल्कि युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा बनकर उभरा है। यह नशा जितनी तेजी से युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है, उतनी ही तेजी से इसकी तस्करी का नेटवर्क भी फैल रहा है।

**तस्करी का संगठित जाल**

चिट्टा तस्करी का नेटवर्क बहुत ही सुनियोजित तरीके से काम करता है। इसके मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं।

आपूर्ति श्रृंखला : इस नेटवर्क की जड़ें अक्सर अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से जुड़ी होती हैं। यह नशा पड़ोसी देशों के रास्ते तस्करी होकर आता है और फिर बड़े तस्करों के माध्यम से छोटे डीलरों तक पहुँचता है।

सक्रियता का तरीकारू तस्कर अक्सर नए-नए रास्ते अपनाते हैं। वे युवाओं को, विशेषकर जो बेरोजगार हैं, आसानी से पैसे कमाने का लालच देकर अपना 'कूरियर' बना लेते हैं।

तकनीक का इस्तेमालः आजकल तस्कर सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का उपयोग कर रहे हैं, जिससे पुलिस की पकड़ से बचना उनके लिए आसान हो जाता है।

**युवाओं पर प्रभाव**

चिट्टा अन्य नशों की तुलना में अधिक घातक है क्योंकि यह बहुत कम मात्रा में भी मस्तिष्क और शरीर पर गहरा प्रभाव डालता है। इसके शिकार हुए युवा न केवल अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमता खो बैठते हैं, बल्कि नशे की लत को पूरा करने के लिए वे चोरी, छीना-झपटी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी शामिल होने लगते हैं।

**चुनौती और समाधान**

चिट्टा तस्करी को रोकने के लिए केवल पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

कड़ी निगरानीरू पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सीमाओं के साथ-साथ उन क्षेत्रों पर भी पैनी नजर रखने की जरूरत है जहाँ संदिग्ध गतिविधियाँ देखी जाती हैं।

जागरूकता अभियानरू स्कूलों, कॉलेजों और सामुदायिक स्तर पर नशे के प्रति जागरूकता फैलाना अनिवार्य है। युवाओं को यह समझाना होगा कि एक बार का सेवन भी जीवन भर की बर्बादी बन सकता है।


नशा मुक्ति केंद्ररू ऐसे केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ानी होगी जहाँ पीड़ित युवाओं को सम्मानजनक तरीके से सही उपचार और परामर्श मिल सके।

सामाजिक भागीदारीरू समाज को सतर्क रहना होगा। यदि कहीं भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है।

**निष्कर्ष**

चिट्टा का कारोबार समाज के भीतर एक ऐसा दीमक है जो आने वाली पीढ़ी को खोखला कर रहा है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि यह केवल एक कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है। जब तक समाज, प्रशासन और परिवार एकजुट होकर इस नेटवर्क के खिलाफ खड़े नहीं होंगे, तब तक इस खतरे को पूरी तरह समाप्त करना कठिन है।

-कमल पवार




जय श्री गणेश

# जीत समाचार राशिफल

वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं. पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

पंडित जगदीप बाबा जी 'दिव्येश'

दिनांक : 19 जून 2026, शुक्रवार

## आज का राशिफल

**आज का पंचांग**

तिथि : द्वितीया 00:55 नक्षत्र रूआर्द्रा 04:13 करण : बालव, 02: 42 कौलव 00:55 पक्ष :शुक्ल पक्ष योग : वृद्धि 00:34 चन्द्रमा : मिथुन राशि राहुकाल 03:51 – 05:35 विक्रमी संवत् : 2083 शक सम्वत:1948 मास अमांत: ज्येष्ठ मास पूर्णिमांत :ज्येष्ठ शुभ मुहूर्त :अभीजित 11:53–12:49.

**मेष राशि**
मन लगाकर काम करें। व्यापार–व्यवसाय उत्तम रहेगा। निजी समस्या का समाधान होगा.

**वृषभ राशि**
कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह आप को महत्वपूर्ण पद दिलवा सकता है.

**मिथुन राशि**
आज वाणी पर नियंत्रण रखें। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग बनेंगे। कार्यपद्धति में बदलाव होगा.

**कर्क राशि**
आजीविका में नए प्रस्ताव मिलेंगे जो आपके लिए शुभ रहेंगे। मित्रों में वर्चस्व बढ़ेगा। साहस, पराक्रम में वृद्धि संभव है.

**सिंह राशि**
दिन उपयुक्त है। किसी विशेष कार्य के होने से ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा.

**कन्या राशि**
अपनी आदतों से जीवनसाथी से तालमेल स्थापित नहीं हो सकेगा। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति के योग बन रहे हैं.

**तुला राशि**
वाहन सुख मिलेगा। आर्थिक निवेश में सावधानी रखें। शीत से संबंधी विकार हो सकते हैं.

**वृश्चिक राशि**
आज आपके प्रयासों से आजीविका में परिवर्तन अथवा नवीन अवसर प्राप्त हो सकेंगे

**धनु राशि**
अपने काम करने के तरीकों को बदलें भाइयों से विवाद होंगे.

**मकर राशि**
आजीविका के नए साधन मिलेंगे। वाणी संयम रखें। यात्रा संभव है। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा.

**कुम्भ राशि**
मन की बात कहने से शांति मिलेगी। वाहन खरीदने का मन सार्थक होगा। आलस हावी रहेगा.

**मीन राशि**
धन प्राप्ति के स्रोत स्थापित होने के योग हैं। किसी विशेष वस्तु की प्राप्ति के लिए धैर्य एवं संयम बना रहेगा.

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम! जीत समाचार आपकी तीसरी आँख बन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।

सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।

R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106

Contact us :- +91-98030-25111.

# शहीद जथेदार काउन्के की धर्मपत्नी से आशीर्वाद लेकर 'वारिस पंजाब दे' के लवली ने किया चुनावी शंखनाद

## बंदी सिंहों की रिहाई के लिए जगराओं में निकलेगा विशाल मोटरसाइकिल रोष मार्च

**जगराओं, 18 जून**
**| जीत समाचार |**

पांचवें पातशाह श्री गुरु अर्जन देव जी के शहीदी दिवस के अवसर पर अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के जगराओं से मुख्य सेवादार राजीव कुमार लवली ने अपने विधानसभा चुनाव अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने श्री अकाल तख्त साहिब के शहीद जथेदार भाई गुरदेव सिंह काऊंके की धर्मपत्नी माता गुरमेल कौर से गांव कौंके में आशीर्वाद लिया।



राजीव कुमार लवली ने कहा कि सिख इतिहास की शहीदी परंपरा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि जिस तरह मुगल बादशाह जहांगीर के समय गुरु अर्जन देव जी को तवी पर बैठाकर शहीद किया गया, उसी तरह जथेदार काउंके को भी अमानवीय यातनाएं देकर शहीद किया गया।

दोनों ने अंतिम समय में भी **'तेरा किया मीठा लागैं'** का संदेश दिया।



### क्या बोले राजीव लवली:

- **शहंदी परंपरा:** "मुगल बादशाह जहांगीर ने गुरु अर्जन देव जी को तवी पर बैठाकर शहीद किया, वैसे ही पुलिस ने जथेदार काउन्के को अमानवीय यातनाएं देकर शहीद किया। दोनों ने 'तेरा किया मीठा लागै' कहा।"
- **इंसाफ की मांग:** "तत्कालीन सरकार द्वारा शहीद किए जथेदार साहिब के परिवार को आज तक न्याय नहीं मिला। परिवार इंसाफ की प्रतीक्षा कर रहा है।"
- **अगला कदम:** "जगराओं में बंदी सिंहों की रिहाई के लिए विशाल मोटरसाइकिल रोष मार्च निकाला जाएगा। अमृतपाल सिंह खालसा 3 साल से डिब्रूगढ़ जेल में हैं।"

### रोष मार्च की तैयारी

जिला लुधियाना देहाती के 5 मेंबरी सदस्य **कुलविंदर सिंह चंदी** ने बताया कि मोटरसाइकिल मार्च की तारीख

**1-2 दिन में**

घोषित की जाएगी।



> "बंदी सिंहों की रिहाई के लिए हमारा संघर्ष जारी रहेगा। जगराओं की संगत, नौजवानों और समाज के सहयोग से यह रोष मार्च एक ऐतिहासिक कदम होगा।"
> — राजीव कुमार लवली, मुख्य सेवादार, वारिस पंजाब दे

चुनाव चिन्ह
**तराजू**

**उपस्थित रहे:** जस्प्रीत सिंह जस्सी डिल्लों, चौधरी अवतार सिंह लड्डू, जसवीर सिंह लुधियाना एवं अन्य कार्यकर्ता

**जनता की सेवा ही हमारा संकल्प**

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

## सालों से एक सीट पर जमे अफसरों पर लटकी तलवार, सियासी गलियारों में फोन की घंटी तेज?

# नए कमिश्नर के आते ही नगर निगम में "कुर्सी बचाओ" अभियान शुरू




लुधियाना, 18 जून | दिनेश कुमार शर्मा

लुधियाना नगर निगम में नए कमिश्नर के कार्यभार संभालते ही जोनल दफ्तरों से लेकर मुख्यालय तक हड़कंप मच गया है। जिस "तबादला एक्सप्रेस" का इंतजार सालों से हो रहा था, उसके स्टेशन पर आने की आहट से ही कई अफसरों की नींद उड़ गई है।

### ग्राउंड जीरो से रिपोर्ट: कौन-कौन रडार पर?

- सूत्रों की मानें तो नगर निगम में ऐसे अधिकारी हैं जो पिछले 5 से 8 साल से एक ही ब्रांच, एक ही कुर्सी पर काबिज हैं।
- इनमें बिल्डिंग ब्रांच, तहबाजारी, प्रॉपर्टी टैक्स और विज्ञापन विभाग के नाम सबसे ऊपर हैं।
- हैरानी की बात यह है कि इनमें से 11 अफसरों के तबादला आदेश पिछले 2 साल में 3 बार जारी हो चुके हैं, लेकिन हर बार "ऊपर से फोन" आते ही फाइल दब गई।

### क्या कहती है सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी?

पंजाब सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी 2018 का नियम 4.2 साफ कहता है: "ग्रुप-B और C के अधिकारी 3 साल से अधिक एक ही सीट/स्टेशन पर नहीं रह सकते। जनहित और प्रशासनिक जरूरत में यह अवधि 6 महीने बढ़ाई जा सकती है।"

इसके बावजूद MC में एस्टेब्लिशमेंट ब्रांच के रिकॉर्ड के अनुसार 14% स्टाफ 5 साल से अधिक समय से एक ही सीट पर है।

ट्रांसफर पॉलिसी

### "कुर्सी बचाओ" अभियान कैसे चल रहा है?

- **सियासी शरण:** नाम न छापने की शर्त पर एक सीनियर क्लर्क ने बताया, "साहब ने कल ही विधायक साहब को फोन कर दिया। बोले- चुनाव में काम आए थे, अब देख लो।"

### नए कमिश्नर के सामने चुनौती

नगर निगम के इतिहास में यह पहला मौका नहीं है। कमिश्नर आए और गए, लेकिन "सेटिंग गैंग" का बाल भी बांका नहीं हुआ।

विजिलेंस की 2022 की रिपोर्ट में भी लिखा था कि "कुछ सीटों पर पोस्टिंग को लेकर 5 से 15 लाख तक के लेनदेन की शिकायतें मिली हैं।"

### पिछले 10 साल में कमिश्नर आए, पर 'सेटिंग' वाले अफसर नहीं हिले

- 10 साल में बदले 7 कमिश्नर
- पर 'सेटिंग गैंग' जस का तस
- विजिलेंस रिपोर्ट 2022 में भी गंभीर आरोप

### पब्लिक क्या कहती है?

फील्डगंज के दुकानदार रमेश कुमार बोले, "तहबाजारी वाला इंस्पेक्टर 7 साल से वहीं है। हर महीने आता है, सेटिंग न हो तो चालान काट देता है। नया आएगा तो शायद डर रहेगा?"

### सबसे बड़ा सवाल जो MC के हर कर्मचारी की जुबान पर है:

क्या नए कमिश्नर "नो सिफारिश, ओनली पॉलिसी" का फार्मूला लागू कर पाएंगे? या फिर हमेशा की तरह चंद दिन की हलचल के बाद फाइलें ठंडे बस्ते में चली जाएंगी और फोन पर "काम हो गया" का मैसेज आ जाएगा?

### अगला पड़ाव:

सूत्र बताते हैं कि कमिश्नर ने सभी ब्रांचों से 3 साल से अधिक समय से एक सीट पर जमे स्टाफ की लिस्ट तलब की है। 25 जून तक पहली तबादला सूची आने की संभावना है।

25 जून

# दशमेश नगर में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने की बैठक, लोगों की समस्याओं पर हुआ मंथन; AAP में शामिल हुए नए सदस्य

लुधियाना, 18 जून
यादविंदर





कुलवंत सिंह सिद्धू
विधायक, आत्म नगर

आत्म नगर विधानसभा क्षेत्र के दशमेश नगर में वार्ड नंबर 46 और 47 के निवासियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू के साथ पार्षद सुरिंदर कल्याण, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीप सिंह रिंकू और वार्ड अध्यक्ष अरुण तनेजा मौजूद रहे।

### लोगों की समस्याओं पर हुआ मंथन

- क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद किया गया
- विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा
- लोगों ने अपने क्षेत्र से जुड़े मुद्दे और सुझाव रखे
- जनप्रतिनिधियों ने जल्द समाधान का भरोसा दिलाया

aap AAM AADMI PARTY

### AAP में शामिल हुए नए सदस्य

- कई नए सदस्यों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की
- नेताओं ने नई टीम का स्वागत किया
- लोगों का समर्थन पार्टी के जनसेवा अभियान को और मजबूत करेगा

### विधायक ने किया संबोधन

- विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनता के साथ लगातार संपर्क जरूरी है
- लोगों की जरूरतों और सुझावों के आधार पर विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है

"हमारा उद्देश्य है कि हर वार्ड में विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो और हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलें। आपकी समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं, समाधान हमारा वादा है।"
– कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक, आत्म नगर

क्षेत्र में सड़कों, गलियों और सफाई व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा।

पेयजल, सीवर, स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

हर वार्ड में विकास, पारदर्शिता और जनहित हमारी पहली प्राथमिकता है।

**जनता का विश्वास ही हमारी ताकत, सेवा ही हमारा संकल्प**

# वीरवार को कांगड़ा जिले में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप-प्रधानों को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।


**जीत समाचार कांगड़ा (ब्यूरों)।**
वीरवार को कांगड़ा जिले में नवनिर्वाचित पंचायत प्रधानों एवं उप–प्रधानों को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को चिट्टा–मुक्त बनाने और नशे के विरुद्ध जन आंदोलन को और सशक्त करने का सामूहिक संकल्प भी दिलाया।

पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनिर्वाचित प्रतिनिधि ईमानदारी, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ जनसेवा को प्राथमिकता देते हुए आदर्श पंचायतों के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाएँगे।

उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि राज्य सरकार ने किशाऊ बांध परियोजना में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना से प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 100 करोड़ यूनिट बिजली मिलेगी, जिसकी कीमत करीब 600 करोड़ रुपये होगी।

इस अवसर पर कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा, विधायक एवं भ्च्ज्क्ब के चेयरमैन आर. एस. बाली जी, विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया, उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, किशोरी लाल, कमलेश ठाकुर, मलेंद्र राजन, आशीष बुटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (आईटी) गोकुल बुटेल एवं अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।






## कंजयाण में बताए नशे के दुष्प्रभाव




जीत समाचार भोरंज। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वीरवार को ग्राम पंचायत कंजयाण में नशा निवारण विषय पर एक जागरुकता शिविर आयोजित किया। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान तहसील अधिकारी कार्यालय भोरंज के अधिकारियों एवं कर्मचारियों और नवनिर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया तथा इस गंभीर समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए सक्रिय योगदान देने की अपील भी की।

पंचायत प्रधान रजनी देवी और उपप्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि नशे के खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा करने की आवश्यकता है। तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय से सुनील कुमार ने भी लोगों को जागरुक करते हुए बताया कि जिला हमीरपुर में भी 17 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत अभियान– विकसित भारत की पहचान' विषय पर जन जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

शिविर में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया गया।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
www.zeetsamachar.com

# सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में हों शामिल : स्वाति डोगरा

## एसडीएम ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बीएलओ को दिए निर्देश

**बड़सर, 18 जून | जीत समाचार ब्यूरो**

विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर की मतदाता सूचियों के प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की प्रक्रिया को लेकर वीरवार को मिनी सचिवालय बड़सर में बूथ स्तरीय अधिकारियों (BLO) की अहम बैठक आयोजित की गई।

एसडीएम एवं बड़सर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी स्वाति डोगरा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि SIR प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र लोगों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करना और अपात्र लोगों के नाम हटाकर त्रुटिरहित मतदाता सूचियां तैयार करना है।





### SIR क्या है?

विशेष गहन पुनरीक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करते हैं। नए वोटर जोड़ते हैं, मृत/स्थानांतरित लोगों के नाम हटाते हैं और गलतियां सुधारते हैं।

### एसडीएम के मुख्य निर्देश:

**एक भी पात्र न छूटे:** सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करना सुनिश्चित करें।

**जागरूकता अभियान:** SIR के सफल क्रियान्वयन के लिए घर-घर जाकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं।

**अनुपात सुधार:** पंजीकृत मतदाताओं की संख्या और वास्तविक जनसंख्या के अनुपात में सुधार के लिए बीएलओ विशेष प्रयास करें।

एसडीएम ने प्रपत्र-6 नए नाम जोड़ने, प्रपत्र-7 नाम हटाने और प्रपत्र-8 शुद्धिकरण के बारे में बीएलओ को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची को 100% शुद्ध बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# चंबा के पुखरी-मसरूंड मार्ग पर बोलेरो खाई में गिरी

## 3 भाइयों सहित 7 की मौके पर मौत

### मुंडन समारोह से लौट रहे थे सभी

छतरूंड के समीप देर रात बोलेरो अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



वाहन करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा





कृत्रिम तस्वीरें सिर्फ प्रतीकात्मक

### मृतकों की पहचान

1 
**चुनी लाल (65)** पुत्र परस राम
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

2 
**देवी लाल (62)** पुत्र परस राम
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

3 
**मोती राम (50)** पुत्र परस राम
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

तीनों सगे भाई

4 
**बबली देवी (45)** पत्नी मोती राम
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

5 
**कुंता देवी (53)** पत्नी कर्म सिंह
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

6 
**अनीता कुमारी (20)** पुत्री धर्म सिंह
गांव मेहल, डाकघर कोहल, तहसील एवं जिला चंबा

7 
**मनोहर लाल (34)** पुत्र धरो (चालक)
गांव टोपड़ा, डाकघर झुलाड़ा, तहसील एवं जिला चंबा

पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवारों को इस दुख की घड़ी में संबल दें।